बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विस्तृत सूचना

विज्ञापन संख्या–11/2022 के अंतर्गत सहायक शिक्षक (अंग्रेजी) के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (विषयनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–09.04.2023 (रविवार) को एकल पाली (10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक) में परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा में शामिल होने वाले संबंधित अभ्यर्थियों का ई-प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in अथवा www.onlinebpsc. bihar. gov.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर अभ्यर्थी परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटा पूर्व अर्थात् 8:00AM बजे पहुँच जाएँ। परीक्षा केन्द्र में 8:30AM से प्रवेश की अनुमति दी जायगी तथा 9:00 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्र को अनुमति नहीं दी जायगी।

कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 09.04.2023 को परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्ण रूप से भरकर उसमें निर्दिष्ट स्थान पर रंगीन फोटो चिपकाऐंगें एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे। घोषणा पत्र पर चिपकाऐं गए फोटों को किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कराना आवश्यक होगा।
2. घोषणा पत्र के अतिरिक्त राजपत्रित पदाधिकारी से दो रंगीन फोटो अभिप्रमाणित कराकर एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे एवं दूसरा फोटो ई-प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. अभ्यर्थी पहचान के लिए आधार कार्ड लाना सुनिश्चित करेंगें। आधार कार्ड नहीं होने पर अपना फोटो पहचान पत्र यथा–EPIC/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई० डी० कार्ड/पासपोर्ट आदि में से किसी एक की छायाप्रति, जो उक्त आई०डी० की एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा एक अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
4. अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात् ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति केन्द्राधीक्षक द्वारा दी जायेगी।
5. अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न का अंक और उत्तर के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका में अन्यथा कोई भी धार्मिक चिह्न/नाम/रेखांकन करने/रंगीन स्याही/हाईलाइटर स्याही से रेखांकित करना, प्रश्नोत्तर समाप्त होने पर किसी प्रकार का चिह्न, पृष्ठों के अंत में चिह्न यथा; "PTO"/"KTO"/"कृ०पृ०उ०" न दें। ऐसा करने से आपकी उत्तर पुस्तिका को रद्द किया जा सकता है।
6. परीक्षा केन्द्र परिसर जहाँ परीक्षा होनी है, में परीक्षार्थी अपने साथ ब्लू/ब्लैक बॉल प्वाईंट पेन के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री न लाएँ, यथा; कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लुटुथ वाई–फाई, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, स्मार्ट वॉच (किसी भी प्रकार की घड़ी) आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा Whitener/ Blade/Eraser आदि पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसका उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध विधिसम्मत् कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

नोटः–विहित घोषणा–पत्र आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
3/4/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना